**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 25.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है । गौरतलब हो कि आज दिनांक 26.08.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस को गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति बबेरू मार्ग से ग्राम गुरेह की तरफ अवैध तमंचा लिए घूम रहा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए । पुलिस द्वारा बरामद अवैध तमंचा एवं कारतूस को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया । जिसके संबंध में **थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत** किया गया है ।

**बरामदगी-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

- शमशेर पुत्र कामता निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 232/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री पंकज चौरसिया
2. उ0नि0 श्री शमीम अहमद
3. कां0 आकाश कुमार